प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह राज्य के अधिकारों के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और जरूरत पड़ने पर कोर्ट भी जाएंगे।

********************

इधर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आदिवासियों के साथ सौतेला व्यवहार करने और उन्हें सिर्फ राजनीतिक भीड़ समझने का आरोप लगाया है। उन्होंने हत्याओं, भूमि अधिग्रहण और पेसा एक्ट पर विश्वासघात के मुद्दे उठाते हुए कहा कि समाज अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुका है।

********************

राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है। प्रत्याशी कल तक अपने पर्चे दाखिल कर सकते हैं। आज विभिन्न निगम और निकाय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किये। पांच फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि छह फरवरी तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 23 फरवरी को होगा।

********************

रांची स्थित केंद्रीय मानसिक चिकित्सा संस्थान, सीआईपी के 156 सुरक्षाकर्मियों ने आज से संस्थान परिसर में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि वे 20 वर्षों से सेवा दे रहे थे, लेकिन 27 जनवरी को उन्हें बिना किसी नोटिस के अचानक नौकरी से निकाल दिया गया। सीआईपी निदेशक बी. के. चौधरी ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षाकर्मियों को रखने या हटाने का निर्णय आउटसोर्सिंग एजेंसी एसआईएस का है और संस्थान का इसमें सीधा हस्तक्षेप नहीं है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें तत्काल बहाल नहीं किया गया और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

********************

उत्तराखंड में देहरादून जिले के कालसी क्षेत्र में आज हिमाचल परिवहन निगम की एक बस के खाई में गिरने से चार लोगों की मृत्यु हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। जिला प्रशासन और पुलिस के दल राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। घायलों को विकासनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

********************

धनबाद सदर अस्पताल की दीवार निर्माण को लेकर बार एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिवक्ता रास्ता खोलने की मांग पर अड़कर सड़क जाम और प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे यातायात बाधित हुआ। उपायुक्त आदित्य रंजन ने शांति की अपील करते हुए समाधान का आश्वासन दिया है।

********************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल की मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा आज से शुरू गयी है। इसमें राज्य के 7 लाख 48 हजार से अधिक छात्र शामिल हो रहे हैं। परीक्षा की पारदर्शिता के लिए 1 हजार 989 केंद्रों पर सीसीटीवी और कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

********************

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर में कल रात भीषण आग लग गई, जिसमें दो दुकानें जलकर राख हो गईं। शॉर्ट सर्किट और पटाखों के धमाकों से आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल विभाग ने समय रहते आग बुझाकर पास के ट्रांसफार्मर को सुरक्षित बचा लिया।

********************

राज्य में सर्दी की विदाई शुरू हो चुकी है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी से लोगों को ठंड से राहत मिली है। हालांकि, कुछ जिलों में रात का पारा अब भी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। सुबह हल्का कोहरा छाया रहता है, लेकिन दिन भर धूप और शुष्क मौसम बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले पांच फरवरी तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है।

********************

पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर स्थित सेरसा स्टेडियम में चल रहे 29वें ऑल इंडिया स्टील एक्सप्रेस फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांच जारी है। टूर्नामेंट में आज सेल बोकारो और पोड़ाहाट स्पोर्ट एसोसिएशन, चक्रधरपुर के बीच मैच होगा। इससे पहले कल खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल में गरबहाल एससी

देहरादून ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इसके साथ ही गरबहाल देहरादून ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

*******************